प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1100बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की आज अंतिम बैठक होगी। प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरु होगी, जिसमें ठेकेदारों की पेमेंट में देरी, भर्ती प्रक्रिया, संस्थानों को बंद करने, हिमकेयर योजना, आबकारी नीति सहित कई अहम मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा गया है। नियम 62 के तहत दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए लाए जाएंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ धर्मशाला से हमारे विशेष संवाददाता।

*शीतकालीन सत्र के सात दिन काफी हंगामेदार रहे हैं। विपक्षी दल भाजपा ने जहां सदन के भीतर कई अहम मुद्दो पर सरकार को घेरने का प्रयास किया वहीं बीते रोज सदन के बाहर भी सरकार के 3 साल के कार्यों को लेकर बड़ी रैली कर हमला बोला। सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के नारे को हिमाचल में व्यवस्था पतन बताते हुए 2027 में सरकार को बदलने का कार्यकर्ताओं में जोश भरा। सत्र के अंतिम दिन भी आज सदन का माहौल गरम रहने के आसार है। ठेकेदारों की देनदारियों सहित, संस्थानों को बंद करने, भर्ती प्रक्रिया और हिमकेयर योजना जैसे मुद्दे प्रमुखता से गूंज सकते हैं।*

भारतीय रिज़र्व बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक आज अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा। मौद्रिक नीति समिति की बुधवार को मुंबई में तीन दिन की चर्चा शुरू हुई। बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा आज इस बारे में जानकारी देंगे। जानकारों का मानना है कि इसमें ऋण दर में 25 आधार अंकों की कमी हो सकती है। बैंक ने इस वर्ष फरवरी से तीन चरणों में प्रमुख अल्पकालिक उधार दर में 100 आधार अंकों की कटौती की है।

सतलुज नदी

शिमला के सुनी क्षेत्र में सतलुज नदी में बढ़ते जलस्तर और गाद के मामले को लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कहा कि सुनी क्षेत्र में कोलडैम प्रबंधन की ओर से सिल्ट के ऊपर सोनार सर्वेक्षण करवाया जा रहा है जो 15 दिसम्बर से शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले 15 से 20 दिनों में सर्वेक्षण कार्य पूरा होगा, जिसके आधार पर सुनी क्षेत्र में भविष्य के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

गौरतलब है कि सोनार सर्वे एक ऐसी तकनीक है जो ध्वनि तरंगों का उपयोग कर पानी के नीचे वस्तुओं का पता लगाने, मानचित्रण करने और सर्वेक्षण करने के लिए की जाती है।

आग

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कोतवाली बाजार धर्मशाला स्थित होटल धौलाधार में देर सांय आग लगने की एक घटना में होटल में रखा किमती सामान जलकर राख हो गया। गनिमत ये रही कि इस अग्निकांड में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। एच.पी.टी.डी.सी. के ए.जी.एम. ने इस घटना में करोड़ों रुपये के नुकसान की बात कही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

साइबर अपराध

भारत में मोबाइल फोन और कंप्यूटर जैसे संचार उपकरणों के साइबर अपराध के मामले बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो–एन सी आर बी की वर्ष 2023 की प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार भारत में अपराध के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2023 में 33 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए। आकडों के अनुसार वर्ष 2021 मे ंभारत में दर्ज कुल साइबर अपराध के मामले 52 हजार से अधिक थे, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 86 हजार से अधिक हो गए हैं। यह जानकारी गृह राज्य मंत्री ने कल राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

नीति आयोगटेक हब

नीति आयोग के फ्रंटियर टेक हब ने भारत को अग्रणी क्वांटम–संचालित अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए एक कार्य योजना जारी की है। इसमें अनुसंधान और विकास में तेजी लाने, प्रतिभाओं को विकसित करने, व्यावसायीकरण को बढ़ाने और सुरक्षित क्वांटम बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की रणनीति की रूप रेखा तैयार की गई है। कार्य योजना में स्वास्थ्य सेवा, वित्त, आपूर्ति, ऊर्जा, राष्ट्रीय सुरक्षा और उन्नत कंप्यूटिंग में क्वांटम प्रौद्योगिकियों के बढ़ते वैश्विक महत्व को रेखांकित किया गया है।

मौसम

प्रदेश के चंबा, लाहौल स्पिति व किन्नौर ज़िले में आज बादल छाए हुए हैं हालांकि राजधानी शिमला सहित अन्य मैदानी इलाकों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है। पिछले कई दिनों से तापमान में लगातार आ रही गिरावट से लोगों को शुष्क ठंड का सामना करना पड़ रहा है। इधर, साफ मौसम के चलते मनाली से रोहतांग सड़क पर आगामी 10 दिसंबर तक के लिए वाहनों की आवाजाही फिर शुरू कर दी गई है। इस सड़क के खुल जाने से देश–विदेश से आए पर्यटकों को रोहतांग दर्रे पर पड़ी बर्फ व प्राकृतिक सुंदरता के दीदार का अवसर एक बार फिर मिलेगा।

———————————